an>

Title: Need to provide seeds and fertilizers to farmers in Chhattisgarh - laid.

श्री चुन्नी लाल साहु (महासमुन्द): छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान खरीफ फसल हेतु धान बोने को काम किसानों द्वारा किया जा रहा है, लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण सहकारी विपणन केन्द्रों/संस्थाओं में मानक बीज उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान अमानक बीज बोने को मजबूर है । वैसे ही दलहन और तिलहन के बीज भी राज्य सरकार के उद्यानिकी विभाग में उपलब्ध न होने के कारण किसान असहाय और ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं । ठीक उसी प्रकार से रासायनिक एवं उर्वरक विभाग के पास रासायनिक खाद की पर्याप्त मात्रा न होने के कारण किसान बाजार से मंहगें दरों पर रासायनिक खाद खरीदने को मजबूर है ।

मेरा सविनय निवेदन है कि छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों की दयनीय स्थिति को देखते हुए सरकार के कृषि मंत्री जी एवं रासायनिक उर्वरक मंत्री महोदय जी, छत्तीसगढ़ राज्य के उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आपूर्ति के लिए निर्देशित करने की कृपा की जाए ।